सच्चाई के दम पर जोश के साथ...
प्रधान संपादकः रतन प्रकाश सिंह
www.swarajindianews.com
swarajindianews swarajindianews
दैनिक सांध्यकालीन
# स्वराज इंडिया
कानपुर, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025
वर्षः 02, अंकः 120, पृष्ठः 8+4, मूल्यः ₹ 2/-

इनसाइड एक्शन मोड में एसपी अरविंद मिश्रा रूरा-शिवली थानों... Pg09



यह नया भारत, किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं

Pg03

# पत्नी-सास मेरी मौत की जिम्मेदार

## तानों से तंग आकर गोरखपुर के मालती लॉन के मालिक ने कर ली आत्महत्या

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज इंडिया।

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 40 वर्षीय एक व्यापारी ने अपनी पत्नी और सास के तानों से तंग आकर जान दे दी। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने ये आरोप लगाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सुमित चौरसिया कुछ साल पहले तक एक मैरिज हॉल चलाते थे। इस घटना के बाद से मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

शुक्रवार की सुबह गोरखनाथ थाना क्षेत्र के सुभाष नगर मोहल्ले के रहने वाले सुमित चौरसिया ने घर में फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। घर में पत्नी, बच्चे और मां मौजूद थीं। परिजनों की सूचना पर पहुंची



पुलिस को शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें सुमित ने अपनी सास और पत्नी पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि इन दोनों की प्रताड़ना और तानों की वजह से मैं आत्महत्या कर रहा हूं। सुसाइड नोट में सुमित ने अपनी मां के लिए लिखा है कि मां मुझे माफ कर देना। पुलिस पत्नी और सास से पूछताछ कर रही है।

» शेष पृष्ठ 12 पर...

# होटल वियाना में पुलिस को बिना जानकारी दिए रोके गए ओमान के पांच नागरिक

## होटल मालिक समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज




» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज इंडिया।

लखनऊ। राजधानी के पॉश कालोनी में बने होटल वियाना इन में ओमान के पांच नागरिक 12 दिन से ठहरे थे। इसका खुलासा गुरुवार देर रात को होटलों की चेकिंग के दौरान हुआ। नागरिकों और होटल के मालिक व मैनेजर ठहरने का कारण नहीं बता सके। पुलिस ने इस मामले में होटल मालिक गौरव कश्यप और मैनेजर आदिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वहीं विदेशी नागरिकों की रिपोर्ट एफआरआरओ को भेजी गई है। वहां से निर्देश मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार रात को इलाके के सभी होटलों को चेकिंग का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, सूचना मिली की विराटखंड स्थित होटल वियाना इन में कुछ विदेशी ठहरे हैं। जो संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त हैं। जानकारी होने पर महिला दरोगा कंचन तिवारी की टीम के साथ छापा मारा गया। होटल का रजिस्टर चेक किया गया। जिसमें पांच विदेशी नागरिक होने की पुष्टि हुई। होटल मालिक गौरव कश्यप व मैनेजर आदिल से विदेशी नागरिकों के पासपोर्ट व वीजा समेत जरूरी दस्तावेज मांगे गये। मैनेजर ने पासपोर्ट तो दे दिया, लेकिन यह नहीं बता सकें कि इतने दिन से होटल में क्या कर रहे हैं। पासपोर्ट से पुष्टि हुई की सभी ओमान के नागरिक हैं।

### 12 दिन से ठहरे, दिन भर रहते थे गायब

इंस्पेक्टर राजेश के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि सभी पांचों दिन के समय होटल से निकल जाते थे। देर रात को वापस आते थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि होटल में रहने वाले ओमान के नागरिकों में सालेह अली मसूद नासिर उल रुशैदी, महमूद सालेह आदिम अल आष्शी, खमीस सलीम खर्मास अल गनबूसी, सलीम खमीस सलीम अल गनबूसी और अलनूद अहमद सुलेमानहदहूल अल रहबी शामिल हैं।

» शेष पृष्ठ 12 पर...

# यूपी से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजना शुरू

## एक्शन में योगी सरकार

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

लखनऊ। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के जिलों में पड़ताल शुरू कर उन्हें वापस भेजने का सिलसिला शुरू हो गया है।

अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रयागराज जिले से एक पाकिस्तानी महिला को शुक्रवार को वापस भेज दिया गया, जबकि शेष तीन महिलाएं शनिवार को लौट जाएंगी।

प्रयागराज पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के अनुसार, पाकिस्तान की एक महिला शुक्रवार को यहां से जा चुकी है, जबकि तीन पाकिस्तानी महिलाओं से हमने बात कर ली है।

» शेष पृष्ठ 12 पर...



# सफलता के 19 साल का जश्न मना रहा एईसी-अब्राड एजूकेशन

» रविवार को द होटल लैंडमार्क कानपुर में एक वैश्विक शिक्षा मेले का आयोजन किया जा रहा है

» संयुक्त राज्य,अमेरिका ब्रिटेन, आयरलैंड, कनाडा, दुबई, ऑस्ट्रेलिया,इटली और सिंगापुरके 70+ प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि भाग लेंगे

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

कानपुर। सफलता के 19 साल के इतिहास का जश्न मनाते हुए एईसी-अब्राड एजूकेशन कसल्टेटस रविवार को द होटल लैंडमार्क कानपुर में एक वैश्विक शिक्षा मेले का आयोजन कर जा रहा है संयुक्त राज्य,अमेरिका ब्रिटेन, आयरलैंड, कनाडा, दुबई, ऑस्ट्रेलिया,इटली और सिंगापुरके 70+ प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।कार्यक्रम निर्देशक अंजलि अग्रवाल और शिखा अहेरवार की एईसी टीम मो.माजिद प्रांशु चौरसिया, मोनू गुप्ता और आदर्श अहेराव मेले के बारे में अंजलि अग्रवाल ने कहा किविश्वविद्यालय के प्रतिनिधि छात्र और उनके माता-पिता के साथ बातचीत करेंगे और प्रवेश आवश्यकता ट्यूशन फीस, छात्रवृत्ति, रहने की लागत बुनियादी ढांचे और विदेशी में उपलब्ध पाठ्येतर सुविधाओं के अंक बारे में बहुमूल्य जानकारी देंगे।

ऑन–स्पॉट ऑफर और स्कॉलरशिप ऑफर भी किए जाएंगे। छात्रों को हमारी कुशल टीम द्वारा निर्देशित और परामर्श भी दिया जाएगा. बिजनेस स्कूल ऑफ आयरलैंड – ट्रिनिटी बिजनस स्कूल, यूएसए के शीर्ष इंजीनियरिंगविश्वविद्यालय जैसे शिकागो में इलिनोइस विश्वविद्यालय कुछ महत्वपूर्ण भाग लेने हैं।

बारिघम विश्वविद्यालय, लंदन के क्वीन मैरी विश्वविठयातय बांगोर, यसीबी, स्कॉटलैंड के पश्चिम विश्वविद्यालय,एसेक्स, अईएनटीओं यूके और युएसए, कील, टीसाइड, लीडस बेकेट विश्वविद्यालय, को्वेट्र, लीड्स, सर, एडनबगनेपियर यूनी, स्वानसी, मिडलसेक्स यूनिवर्सिटी, स्टड़ी ग्रप, क्यूए ग्रप, कैंट, नॉर्थम्प्टन, पोट्र्समाउथ, यॉकि, ट्रिनिटीकॉलेज डबलिन, सिम सिंगापुर, एमिटी दुबई, शोरलाइट गयूप और कपलान यूके गयुप, नॉथम्ब्रिया यूनिवासिटी लटन,अल्स्टर युनिवसिटी लंदन आदि और कनाडा से जॉर्ज ब्राउन कॉलेज कछ शीर्ष संस्थान इस अवसर की शोभाबढ़ाएंगे एईसी ने खुद को काफी मजबूत सफलता दर के साथ स्थापित किया है;

इसके 1500 से अधिक छात्र शिक्षा केलिए विदेश जा चुके हैं। विश्वविद्यालयों के माध्यम से बड़ी संख्या में आवेदनों पर कारवाई की जाएगी, क्योंकिवैश्विक अयोजन में ऑन–स्पॉट साक्षात्कार आयोजित किए गए थे। विश्वविद्यालय छ्रों का मार्गदर्शन करंगे,उनकी ताकत पर ध्यान केंद्रित करेगे और उन्हें सही पाठ्यक्रम चुनने में




मदद करेंगे और उन्हें वित्त पोषण और स्वति के माध्यम से मार्गदर्शन भी करेंगे। ऑफर किए जाने वाले कोर्स एमबीए, स्पेशलाइज्ड मास्टर्स, बीठीएलॉ हॉस्पिटेलिटी, मेडिसिन, कैलिनरी, ऑयल एंड गैस और फुटवियर और एक्सेसरी सहित सभी तरह के इंजीनियरिंगऔर डिजाइनिंग होंगे वैश्विक शिक्षा मेले क्यों भाग ले आप सीधे यूके, यूएसए, कनाडा इटली ऑस्ट्रेलिया सिंगापुर दुबई के 70त्न विश्वविद्यालयों मे मिल सकते हैं।

**ऑन स्पॉट प्रोफाइल मूल्यांकन कराएं**

विशेषज्ञों और विश्वविद्यालय दवारा मोके पर ही अपना प्रोफ़ाइल मूल्याकन करवाए आपकी प्रोफ़ाइल से मेल खाने वाले विश्वविद्यालयों के ऑन–स्पॉट आवेदन प्रसंस्करण के लिए साइन अप करने का आपका मौका विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के साथ आमनेसामने सत्र आवेदन शुल्क माफी

आईईएलटीएस छूट उपलब्ध छात्रवृत्ति और बर्सरी पर विशेषज् सलाह प्राप्त करे एईसी ने कैरियर के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कानप्र के प्रतिष्ठित स्कूलों और कॉलेजोंमें सेमिनार भी आयोजित किए। नई दिल्ली, नोएडा, हैद्राबाद और कानपूर में कार्यालयों के साथ विदेश शिक्षासलाहकार संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इटली, स्बिटदजरलैंड, सिंगापुर, कनाडा आदि के सभीप्रमुख विश्वविद्यालयों में व्यापक कैरियर परामर्श में लगे हए हैं, जिसमें आवेदन प्रसंस्करण, ऋण और छात्रवृत्तसहायता, आवास प्रावधान, यात्रा और वीजा सहायता और बीमा और विदेशी मुद्रा सहायता शामिल है

# बिना टेंडर नगर निगम इंजीनियर करा रहे पार्कों का निर्माण

## नौबस्ता पश्चिम के पार्षद ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

कानपुर। कानपुर वार्ड–65 (नौबस्ता पश्चिम) के पार्षद योगेंद्र शर्मा ने नगर निगम के प्रोजेक्ट सेल पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए और क्षेत्रीय पार्षद को जानकारी दिए छह पार्कों का विकास कार्य कराया गया है। पार्षद के मुताबिक वर्ष 2023–24 और 2024–25 के दौरान दामोदर नगर और ताज नगर स्थित वैष्णों देवी पार्क, अवंतीबाई पार्क, योगा गणेश पार्क, कमांडेंट पार्क, चाचा नेहरू उद्यान और बाल उद्यान पार्क में बाउंड्री वॉल, रेलिंग, पेंटिंग, बेंच और झूले लगाने जैसे कार्य कराए गए। हैरानी की बात यह है कि इन सभी कार्यों का ठेका ओम शिव कंस्ट्रक्शन नामक एक ही फर्म को दिया गया।


पार्षद योगेंद्र शर्मा– वार्ड 65

**लागत का कोई खुलासा नहीं, गुणवत्ता पर उठे सवाल**

योगेंद्र शर्मा ने बताया कि इन परियोजनाओं के लिए न तो कोई लागत निर्धारण (एस्टीमेट) प्रस्तुत किया गया और न ही यह स्पष्ट किया गया कि कार्यों पर कितनी राशि खर्च हुई। साथ ही, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच भी किसी अधिकारी द्वारा नहीं कराई गई। पार्षद ने आरोप लगाया कि कार्यकारिणी की बैठक में यह नियम तय हुआ था कि शिलान्यास पट्ट की फोटो लगाए बिना किसी भी कार्य का भुगतान नहीं किया जाएगा। बावजूद इसके, बिना किसी शिलापट के ही सभी कार्यों का भुगतान कर दिया गया, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है।

**नगर आयुक्त से शिकायत, थर्ड पार्टी जांच की मांग**

योगेंद्र शर्मा ने पूरे मामले की शिकायत नगर आयुक्त सुधीर कुमार से करते हुए विकास कार्यों की थर्ड पार्टी जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# नालों से अतिक्रमण हटाकर बारिश से पहले करवाएं सफाई, मेयर प्रमिला पांडे ने बैठक कर दिए निर्देश

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

कानपुर। सायं 06 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में महापौर द्वारा नाला-नाली पर अतिक्रमण एवं नाला-नाली के सफाई के दृष्टिगत नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।

महापौर प्रमिला पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी शहर में अवैध होर्डिंग्स लगे हुए हैं, उन्हें हटाये जाने की कार्यवाही कराये, उसमें कुछ होर्डिंग्स मेरी भी है, उसे पहले हटाये।

महापौर द्वारा नाला-नालियों पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में पूछे जाने मुख्य अभियन्ता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने अवगत कराया कि अभियन्त्रण विभाग के लगभग 97 नालों पर अतिक्रमण है एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अमित ने अवगत कराया कि स्वास्थ्य विभाग के लगभग 500 नालियों पर अतिक्रमण है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार 30 मई तक सभी नाला-नालियों की सफाई पूर्ण की जानी है। मा0 महापौर जी ने निर्देशित किया बरसात से पहले गली पिटों की भी सफाई कराये।



महापौर के निर्देश के क्रम में नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व अतिक्रमण स्वयं हटा लेने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। अब दिनांक 28 अप्रैल से लगातार 20-25 दिनों तक अतिक्रमण, अवैध होर्डिंग्स, नाला-नालियों की सफाई एवं पैच वर्क का अभियान चलेगा। साथ कार्य से पूर्व से कार्य के उपरान्त वीडियोग्राफी भी करायी जायेगी। नगर आयुक्त ने निर्देशित प्रातः 8-10 एवं सायं 4-6 तक प्रतिदिन अभियान चलेगा प्रत्येक जोन में 03, जिसमें 02 अभियन्त्रण विभाग के नालो एवं 01 स्वास्थ्य विभाग की नाली पर अभियान चलेगा।

बैठक में अपर नगर आयुक्त मो0 अवेश, अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, अपर नगर आयुक्त अनूप वाजपेई अधिशाषी अभियन्ता, जोन-1 नानक चन्द्र, जोन-5 कमलेश पटेल, जोनल अधिकारी, जोन-1 विद्या सागर यादव, जोन-3 सी0बी0 सिंह, जोन-4 राजेश सिंह, जोन-6 रवि शंकर यादव नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अजय संखवार, डा0 अमित सिंह, डा0 चन्द्रशेखर सिंह, जेडएसओ जोन-1 अमित, जोन-2 क्षितिज मिश्रा जोन-3 आशीष वाजपेई, जोन-4 देवेन्द्र जोन-5 जोन-6 विजय शंकर शुक्ला, रबिश इंचार्ज रफजुल रहमान उपस्थित रहे।

## नालों पर कब्जों की जोनवार स्थिति

**जोन-1**

1. बासमण्डी नाला 2. सर्कुलर रोड नाला 3. कोपरगंज से चाचा नेहरू गेट तक

**जोन- 2**

1.हरजिन्दर नगर से लाल बंगला 2.पुरानी चुंगी से नयी चुंगी

**जोन-3**

1. सेंगर चौराहा से कर्रही चौराहा 2. सचान नहर से भोलेश्वर मन्दिर 3. नटवन टोला बारा देवी से लाजवाब डीजे वाला तक

**जोन-4**

1. सीसामऊ नाला 2. ग्वालटोली

**जोन-5**

1. चाचा लस्सी से विजय नगर 2. गोल्ड स्पाट से बैक ऑफ बड़ौदा

**जोन-6**

1. गीता नगर क्रासिंग से मुन्ना गर्ल्स हास्टल तक 2. तुलसी नगर

# पाकिस्तान को दुनिया के मानचित्र से हटा देना चाहिए

**स्वराज इंडिया संवाददाता स्वराज**

कानपुर। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकियों ने जिस तरह से 26 निर्दोषों को मौत के घाट उतार दिया, उस वीभत्स घटना के बाद से पूरे देश में आक्रोश दिखाई दे रहा है , वही कानपुर विश्वविद्यालय के बेहद प्रभावी और सक्रिय, वरिष्ठ छात्र नेता / पूर्व अध्यक्ष बीएनडी कॉलेज कानपुर आदित्य मोहन शर्मा एडवोकेट के प्रबल नेतृत्व में, विश्विधालय के तमाम छात्रों, युवाओं ने मिलकर , आज की इस कड़ी धूप में , पाकिस्तान का पुतला फूकते हुए अपना भारी विरोध प्रदर्शन दर्ज किया है, जो की तकरीबन आधा घंटे चला।वहीं प्रदर्शन के दौरान सभी छात्रों, अधिवक्ताओं, ने विश्विधालय गेट पर पाकिस्तान मुर्दाबाद, के नारे लगाकर पुतले को जूतों की माला पहनाई और पिटाई करी, पाकिस्तान में प्रधानमंत्री और सरकार पर थूकते हुए नपुंसक , गद्दार, करार दिया ।युवाओं का गुस्सा इतना देखा हे की , वह सब अपने हिंदू भाईयों के नर संहार का बदला चाह रहे हैं ।आपको बता दें कि कानपुर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रमुख, प्रभावी छात्र नेता आदित्य मोहन शर्मा ने आज विश्वविद्यालय गेट के बाहर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आतंकी देश पाकिस्तान का पुतला दहन किया है , और भारत के प्रधानमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा की अब आर पार की लड़ाई का वक्त आ गया है हम सब की जरूरत पड़े तो बताए , हम सब इस देश के आतंकवाद को मिटाने के लिए अब तैयार है। छात्र नेता आदित्य मोहन शर्मा ने उपस्थित मीडिया जनों को भी संबोधित करते हुए कहा कि भारत को पाकिस्तान पर स्ट्राइक करके दुनिया के नक्से से उसका नाम%ओ निशान मिटा देना चाहिए। क्योंकि कहीं बंगाल में, मुर्शिदाबाद में, पाकिस्तान में रोज आए दिन चुन चुन कर हिंदू लोगो को मारा जा रहा, अत्याचार हो रहा, जो हम सबको अब बहुत पीड़ा दायक है ।अब में निवेदन कर रहा, की पाकिस्तान जैसा धूर्त मुल्क का होना इस दुनिया में बडा अपवाद है , उन्होंने पाकिस्तानी सरकार और कठमुल्ले आतंकवाद की तरफ इशारा करते हुए की भारत के प्रधानमंत्री को जो धमकी वहां से दी जा रही है, जल्दी ही इसका जवाब हम सबको देना चाहिए और, हम सब अब इस मुल्क का खात्मा



चाहते हैं ।वहीं श्री शर्मा ने यह भी कहा , और आक्रोशित छात्रों का कहना है कि जो इस दुख की घड़ी में , जो भारत देश के साथ नहीं खड़ा है , इतिहास में उसको कायर कहा जाएगा। अरे इससे बड़ा कोई दुर्भाग्य नही हो सकता ।

इस दौरान – छात्र नेता आदित्य मोहन शर्मा (एड0) सहित शेषनरायण एड0, विमलेश कुमार, प्रशांत मौर्या एड0, नीरज (एड0), दिव्यांश शुक्ला एड0 , आनंद कुमार एड0, शिव प्रकाश एड0 , प्रांजल सोनी, शिवम सिंह, आशीष तिवारी एड॰, अर्चित मिश्रा, ओमकार, अजय जीत, अभिषेक, आफरीन मंसूरी, अंशिका शाक्य, सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद रहे ।

# बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन







## हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में कई बच्चों ने हासिल की मेरिड

**प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया**

**कानपुर। उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद 2024-25 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज के छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित की है। बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 177 छात्रों ने व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 118 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें सभी 289 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह ने दी।**

हाईस्कूल परीक्षा में ईशा कटियार ने 94.3%, उत्कर्ष ने 93.7%, प्रद्युम्न राय ने 93.3%, अवन्तिका शुक्ला ने 93.3%, अंश सचान 92.7%, काव्यांश गुप्ता ने 92.67त्न, अनन्त मिश्रा ने 92.5%, आरूष सिंह ने 92.3%, अभय सिंह ने 92%, अमन पटेल ने 92%, इच्छा मिश्रा ने 92% हर्ष ने 91.8त्न, विरुध पाण्डेय ने 91.8%, उन्नति सिंह ने 91.8%, अर्पित ने 91.7%, पियूष दुबे ने 91.7%, शुभ गुप्ता ने 91.7%, श्रियांशी ने 91.7%, अन्मया राजपूत ने 91.5%, आदित्य कुमार ने 91.3%, यश गौतम ने 91.3%, गौरव सिंह ने 91.2%, सुधांशु राज ने 91.2%, वंश प्रताप सिंह ने 91.2%, मान्यता यादव ने 91.2%, रित्विक गुप्ता ने 91%, अंक प्राप्त किये। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के कुल 177 छात्र/छात्राओं में से 41 छात्र/छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं।

इण्टरमीडिएट परीक्षा में ऋषभ यादव ने 91.6%, दक्ष कटियार ने 89.2%, सौम्य कुमार सिंह ने 87.6त्न, आदर्श मोहन ने 87.4%, यश शुक्ला ने 87.4%, कृष्ण कन्हैया ने 87.2% प्रेरित कुमार ने 87.2%, यश गौर ने 87% गौरी मिश्रा ने 96.6%, शिखा राजपूत ने 86.6%, आग्रह ने 86.4%, अंक प्राप्त किये। इण्टरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के कुल 118 छात्र/छात्राओं में से 101 छात्र/छात्राएं ससम्मान उत्तीर्ण हुए। विद्यालय प्रबन्ध समिति के संरक्षक वीरेन्द्रजीत सिंह, अध्यक्ष पं0 रमाकान्त मिश्र, प्रबंधक आदित्य शंकर बाजपेयी, सह प्रबंधक श्याम जी अरोड़ा, बी0 के0 लाहोटी, सुरेन्द्र कक्कड़, नीतू सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को सराहनीय सफलता के लिए बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया।

# कश्मीर में मारे गए हिंदुओं के लिए बच्चों ने दी श्रद्धांजलि

## आतंकवादियों की बर्बरता से 28 पर्यटकों की मौत से ग़म और गुस्से में कानपुर वासी



**स्वराज इंडिया संवाददाता**

**कानपुर। भारत का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में एक बार फिर जेहादी आतंकवाद का घिनौना व बर्बर चेहरा सामने आया है जब पहलगाम की बायसरन घाटी में घूमने आए पर्यटकों के नाम व धर्म पूछकर लगभग 28 पर्यटकों को आतंकवादियों के द्वारा मौत की नींद सुला दिया गया। यह अत्यंत निंदनीय और अक्षम्य कृत्य है।**

पिछले कई दशकों में कश्मीर में आये हुए पर्यटकों पर किया जाने वाला यह सबसे बड़ा आतंकवादी हमला है जिसमें दो विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ भारत के अलग-अलग 15 राज्यों के निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवाई। यह केवल कुछ लोगों पर नहीं बल्कि भारतीय एकता, अखंडता पर किया गया प्रहार है, स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी के राष्ट्रपुरुष की आत्मा पर किया गया प्रहार है। इस भीषण क्रूरतापूर्ण आतंकी हमले से न केवल दिवंगत लोगों के परिवार बल्कि पूरा देश स्तब्ध व आक्रोशित है। एक बार फिर इन निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या से मानवता शर्मसार है। दिवंगतों के परिवारजनों के प्रति पूरे देश की गहरी संवेदना है। बी.एन.एस.डी. शिक्षा निकेतन में प्रार्थना सभा के दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की व 2 मिनट का मौन रखकर इस दुखद घटना के प्रति आक्रोश व्यक्त किया एवं असमय दिवंगत हुए सभी पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सम्पादकीय

# पहलगाम हमले से सबक ले बने रणनीति

इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा किया। उस आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए थे। निस्संदेह, उनका यह दौरा हमारे इस सैन्य संकल्प की अभिव्यक्ति है कि हमारी सेना आम जन की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। एक ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू-कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया। इस संकटपूर्ण स्थिति में उन्होंने अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोकना प्राथमिकता समझा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तुरंत जम्मू-कश्मीर पहुंचे। वहीं शाह का तुरंत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गंभीरता को ही रेखांकित करता है। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि हर अपराधी को पकड़ने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। लेकिन इस तरह के आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है।

बहरहाल, पहलगाम आतंकी हमले से हुई जनहानि तमाम सवालों को जन्म देती है। हर किसी संवेदनशील मन में घटनाक्रम को लेकर अनेक प्रश्न उभरते हैं। आम विमर्श में यह मुद्दा उठता रहा है कि जम्मू-कश्मीर के इस संवेदनशील क्षेत्र में सेना की उपस्थिति क्यों नहीं थी। आखिर इस हमले की भनक हमारे खुफिया तंत्र को क्यों नहीं लगी। जम्मू-कश्मीर देश का सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र है। दशकों की आतंकी घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देश के अन्य राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा रहती है। सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति-नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। निस्संदेह, कश्मीर यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सुरक्षा बलों के बीच ऑपरेशनल समन्वय की समीक्षा की। लेकिन राष्ट्र और कश्मीरी सिर्फ प्रोटोकॉल को सख्त करने से कहीं अधिक चाहते हैं।

# जनरल मुनीर की डींगें और नफरत की विरासत

लेफ्टि. जन. एसएस मेहता (अ.प्रा.)

**बीते दिनों पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर का वक्तव्य निश्चय ही दुर्भाग्यपूर्ण था। वे समझने में असफल रहे कि मनुष्यों की परंपराएं और रीति-रिवाज भिन्न होते हैं, लेकिन पूरी मानवता का सार तो एक ही है। पहलगाम में जो बहुत बड़ी दरिंदगी हुई है वह मानवता को शर्मसार करती है। दरअसल, मानवता हमारे द्वारा खींची गयी रेखाओं पर नहीं, बल्कि मानवीय संबंधों के पुलों पर टिकी है।कोविड-19 महामारी द्वारा कहर बरपाये जाने के बाद, और जलवायु परिवर्तन एवं भू-राजनीतिक टकरावों के कारण बनी उथल-पुथल वाले वैश्विक परिदृश्य के बीच, साल 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित किये गये जी-20 शिखर सम्मेलन में आपसी समन्वय बनाने का एक पवित्र आह्वान उभरा था : 'एक पृथ्वी। एक परिवार। एक भविष्य'।**



इस पवित्र आह्वान की गूंज दुनिया भर में हुई। तब ऐसा लग रहा था कि अब तो रार पैदा करने वाले 'उपदेश' किसी अलग ही किस्म के प्राणी का काम होगा। जैसा कि अब हमने देख लिया है, एक जनरल असीम मुनीर नामक शख्स के रूप में उसे सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगा।और फिर भी, पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने बीते वक्त की बातों को याद दिलाते हुए, निश्चित तौर पर ठीक यही काम किया है। जिसके तहत कुछेक दिन पहले ही अत्यंत निश्चितता के साथ, उन्होंने दावा किया कि 'हमारी महत्वाकांक्षाएं, परंपराएं, रीति-रिवाज हिंदुओं से अलग हैं' और इस अंतर को आने वाली पीढ़ियों को पक्के तौर पर अपने दिमाग में गहरे तक समा कर रखना चाहिये।जो बात वे समझने में असफल रहे – या शायद वे इस बात को स्वीकार करने से डरते भी हैं – वो यह है कि भले ही मनुष्यों की परंपराएं और रीति-रिवाज भिन्न होते हैं, लेकिन पूरी मानवता का सार तो एक ही है। धर्म का चोला, संस्कृति का घूंघट और ताकत की वर्दी उतारकर देखा जाये, तो सामने आयेगा कि हम सब मानव एक ही प्रजाति के हैं, जिसके भीतर गरिमा की चाह , सुरक्षा की भावना और अपने अस्तित्व की सार्थकता के मामले में आकांक्षाएं निस्संदेह एक समान हैं।यहां यह बात समीचीन ही कही जाएगी कि जब कोई व्यक्ति एक प्रकार से अपने ही निहित पूर्वाग्रहों का बंधक बन जाता है, तो इसका स्वाभाविक परिणाम होता है कि वह एक नेता नहीं, बल्कि एक कैदी होता है– किसी भी प्रकार के तर्क का नहीं, बल्कि अपने खून में रच चुके मिथक का। जनरल मुनीर अपने वतन के लोगों का मार्गदर्शन कर उन्हें किसी बेहतर तरह के भविष्य में लेकर नहीं जा रहे वरन वे उन्हें इतिहास के सबसे अंधेरे कोने में धकेल रहे हैं, जहां पहचान का अहसास हथियारबंद होने से कराया गया और आपसी भिन्नता को घातकता में ढाला गया है। यदि इसमें किसी को जरा सा भी संदेह लगे, तो बस केवल हाल ही में पहलगाम में जो हुआ उसे याद कर लें, जो निस्संदेह अपने आप में बहुत बड़ी दरिंदगी है, लेकिन यह घटनाक्रम और करतूत पवित्र पुस्तक में दी गई हरेक मूल्यवान सीख की पूरी तरह से अवहेलना है।इतिहास के सबसे हिंसक किरदारों ने मानवता को भिन्नता के आधार पर विभाजित करने वाली रेखाएं आत्मा के सबसे बड़े इस सत्य

# गणित के अनंत दीप की अमर धरोहर

## स्मृति शेष - श्रीनिवास रामानुजन

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

**रामानुजन की प्रतिभा तब विश्व के सामने आई, जब उन्होंने 1913 में कैम्ब्रिज के प्रख्यात गणितज्ञ जी.एच. हार्डी को पत्र लिखा। उस पत्र में दर्जनों सूत्र थे, जिन्हें देख हार्डी स्तब्ध रह गए। पहले तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि कोई स्वशिक्षित भारतीय इतने गहन और मौलिक सूत्र लिख सकता है।**

**जब संख्याएं गूंज उठती हैं और समीकरण आत्मा के साथ नृत्य करते हैं, तब एक नाम सृष्टि के कण-कण में बस जाता है–श्रीनिवास रामानुजन। 26 अप्रैल, 1920, वह काला दिन जब भारत की धरती ने अपने इस अनमोल रत्न को खो दिया, पर उनकी गणितीय चेतना ने अनंत काल के लिए विश्व को रोशन कर दिया। यह पुण्यतिथि नहीं, एक महान तपस्वी की साधना का उत्सव है, जिसने गणित को न केवल विज्ञान, बल्कि काव्य, दर्शन और ईश्वर से जोड़ दिया। रामानुजन कोई साधारण गणितज्ञ नहीं थे; वे थे संख्याओं के संत, सूत्रों के साधक, और ब्रह्मांड के रहस्यों के द्रष्टा।**

तमिलनाडु के छोटे से शहर इरोड में 22 दिसंबर, 1887 को जन्मे रामानुजन का जीवन किसी परीकथा से कम नहीं। एक साधारण ब्राह्मण परिवार, आर्थिक तंगी और औपचारिक शिक्षा का अभाव— ये सब उनके सामने दीवारें थीं, पर उनकी प्रतिभा ऐसी तूफानी लहर थी जो हर बाधा को चूर कर देती थी। बचपन से ही संख्याएं उनकी सखी थीं, उनके सपने थीं। जहां बच्चे मिट्टी के खिलौनों में खोए रहते, वहीं रामानुजन संख्याओं के जादुई संसार में गोते लगाते। स्कूल की किताबें उनके लिए छोटी पड़ गईं; उन्होंने स्वयं गणित के गहन समुद्र में डुबकी लगाई। 15 वर्ष की उम्र में जब उनके हाथ जी.एस. कार की 'ए सिनॉप्सिस ऑफ एलिमेंट्री



रिजल्ट्स इन प्योर मैथमैटिक्स' लगी, तो यह उनके लिए किसी वेद की तरह थी। इस किताब ने उनकी प्रतिभा को पंख दिए और उनकी नोटबुक्स में सूत्रों का अमृत उमड़ने लगा।रामानुजन का गणित केवल गणनाओं का खेल नहीं था; वह एक आध्यात्मिक यात्रा थी। उनकी कुलदेवी नमगिरी उनके लिए प्रेरणा की स्रोत थीं। वे कहते थे, 'हर सूत्र जो मेरे मन में आता है, वह देवी की कृपा है।' उनके लिए गणित और ईश्वर एक ही सत्य के दो रूप थे। उनकी रचनाएं– चाहे वह अनंत श्रृंखलाएं हों, निरंतर भिन्न हों, या विभाजन फलन — मानो ब्रह्मांड की गूढ़ भाषा में लिखी गई कविताएं थीं। उनकी पाई (π) की गणना के लिए दी गई श्रृंखलाएं इतनी सुंदर और सटीक थीं कि आज भी सुपरकंप्यूटर उनकी मदद लेते हैं। रामानुजन का विभाजन फलन, जो यह बताता है कि किसी संख्या को कितने तरीकों से छोटी संख्याओं के योग के रूप में लिखा जा सकता है, गणित में क्रांति ला गया। उनके थीटा फलन और मॉड्यूलर समीकरणों ने आधुनिक भौतिकी, क्रिप्टोग्राफी, और ब्लैक होल सिद्धांत तक में अपनी जगह बनाई। रामानुजन की प्रतिभा तब विश्व के सामने आई, जब उन्होंने 1913 में कैम्ब्रिज के प्रख्यात गणितज्ञ जी.एच. हार्डी को पत्र लिखा। उस पत्र में दर्जनों सूत्र थे, जिन्हें देख हार्डी स्तब्ध रह गए। पहले तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि कोई स्वशिक्षित भारतीय इतने गहन और मौलिक सूत्र लिख सकता है। हार्डी ने कहा, 'रामानुजन का गणित मानव मस्तिष्क से परे है; यह ईश्वर की प्रेरणा है।' रामानुजन को कैम्ब्रिज बुलाया गया, और वहां हार्डी के साथ उनकी जोड़ी ने गणित की दुनिया में तहलका मचा दिया। हार्डी-रामानुजन फॉर्मूला, जो प्राइम नंबर्स की गणना से संबंधित है, और उनकी संयुक्त शोध पत्रिकाएं आज भी गणित के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हैं।

रामानुजन की नोटबुक्स उनकी सबसे बड़ी विरासत हैं। इनमें हजारों सूत्र और प्रमेय हैं, जिनमें से कई को समझने में गणितज्ञों को दशकों लग गए। उनकी मॉक थीटा फलन, जिन्हें उन्होंने मृत्युशैया पर लिखा, गणित का एक ऐसा रहस्य है जिसे 21वीं सदी में पूरी तरह समझा गया।

# कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में लहसुन की ताकत!

आयुर्वेद में लहसुन को प्राकृतिक रूप से कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली एक औषधि के रूप में जाना जाता है। लहसुन में एलिसिन नामक महत्वपूर्ण तत्व मौजूद होता है, जोकि बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है।

इतना ही नहीं लहसुन ब्लड वेसेल्स को हेल्दी रखने के साथ ही हार्ट को भी मजबूत करता है। इसके सेवन से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लहसुन का सेवन करने के लाभ और इसके इस्तेमाल के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।



> लहसुन ब्लड वेसेल्स को हेल्दी रखने के साथ ही हार्ट को भी मजबूत करता है। इसके सेवन से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। ऐसे में आज हम आपको लहसुन का सेवन करने के लाभ और इसके इस्तेमाल के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

## लहसुन क्यों है फायदेमंद

आयुर्वेद में लहसुन का सेवन बेहद आम माना जाता है। क्योंकि लहसुन में शरीर की सेल्स को बनाने की क्षमता होती है। इसका सेवन करना हमारे हार्ट और ब्लड सर्कुलेशन के लिए विशेष रूप से लाभकारी होता है। क्योंकि लहसुन आर्टरीज में जमे फैट को हटाकर ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है।

## लहसुन खाने के मुख्य फायदे

लहसुन का नियमित सेवन करने से बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। आर्टरीज की सफाई

लहसुन का सेवन करने से ब्लड वेसेल्स में जमा फैट कम होता है, जिससे हार्ट स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। बीपी कंट्रोल करना लहसुन का सेवन करने से

## एंटीऑक्सीडेंट गुण

करने में सहायता मिलती है। एंटीऑक्सीडेंट गुण लहसुन का सेवन करने से यह हमारे शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाता और यह शरीर को डिटॉक्स करता है। ब्लड सर्कुलेशन में सुधार लहसुन ब्लड को पतला करता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। डाइट में ऐसे करें शामिल आप सुबह खाली पेट 1-2 कच्ची लहसुन की कलियां खा सकती हैं। लहसुन को कुचलकर पानी में मिलाएं और फिर रातभर के लिए छोड़ दें, वहीं अगली सुबह खाली पेट यह पी लें। इससे बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। जिससे हार्ट हेल्थ बेहतर होता है।

आप दो-तीन कुचे हुए लहसुन को शहद में मिलाकर सुबह खाली पेट सेवन करें। इससे वजन कम करने में भी मदद मिलती है। आप सलाद, सब्जी या सूप में लहसुन युक्त जैतून के तेल का इस्तेमाल करके खा सकते हैं। वहीं आप दाल, चटनी और सब्जी में मिलाकर लहसुन को खा सकते हैं।

इन बातों का रखें खास ख्याल

अधिक लहसुन का सेवन करने से पेट में जलन हो सकती है।

अगर आप ब्लड थिनर की दवा ले रहे हैं, तो आपको लहसुन खाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

नियमित रूप से लहसुन का सेवन करने से हार्ट और ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। लहसुन कोलेस्ट्रॉल से जुड़ी बीमारियां रोकता है।

*डिस्क्लेमर- इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।*

# ग्रीन टी आइस, चेहरे पर निखार!



**ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है।**

हम सभी अपनी स्किन को यंगर और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। इसके लिए हम सभी मार्केट में मिलने वाले महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप इन प्रोडक्ट्स पर अधिक रुपए-पैसे खर्च करने की बजाय नेचुरल तरीके से स्किन को लंबे समय तक यंगर और ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं।

यह आइस क्यूब स्किन को अधिक यंगर बनाने के साथ ही निखार भी देता है। इस आइस क्यूब के इस्तेमाल से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है। सामग्री ग्रीन टी बैग- 2 गर्म पानी- 1 कप शहद- 1 चम्मच ऐसे बनाएं आइस क्यूब इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसको ठंडा होने के लिए रख दें। जब यह ठंडी हो जाए तो इसमें शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इसे आइस क्यूब में डालकर फ्रीज कर लें। जब यह जम जाए तो इसको एक पतले कपड़े या फिर रुमाल आदि में लपेटकर स्किन पर यूज करें। ग्रीन टी और खीरे का आइस क्यूब

यह आइस क्यूब सूजन को खत्म करने में सहायक होता है। आप इस आइस क्यूब को विशेष रूप से आंखों के नीचे इस्तेमाल कर सकते हैं। सामग्री ग्रीन टी- 1/2 कप उबली हुई

खीरे का जूस- 1/2 कप

ऐसे बनाएं इसको बनाने के लिए ताजे खीरे को ब्लेंड करके छान लें। अब खीरे के जूस के साथ ग्रीन टी को मिलाएं। फिर इसको आइस क्यूब में डालकर जमने के लिए फ्रीज में रख दें। वहीं जब यह आइस क्यूब बन जाए तो इसका इस्तेमाल करें। ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब बता दें कि ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब एक सूदिंग आइस क्यूब है। यह आपकी स्किन को यंगर बनाने के अलावा सूदिंग इफेक्ट भी देता है। सामग्री ग्रीन टी- 1 कप उबली हुई ता?ा एलोवेरा जेल- 1 ब?ा चम्मच ऐसे बनाएं ग्रीन टी और एलोवेरा जेल को एक साथ मिक्स करें।

फिर इसको आइस क्यूब ट्रे में डालकर फ्रीज कर दें। गर्मियों में स्किन की रेडनेस या इरिटेशन को खत्म करने के लिए आप इस आइस क्यूब का इस्तेमाल करें।

# गर्मी में रसोई कूल बनाए, अपनाएं आसान कूल टिप्स !



**आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आसान टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने रसोई घर को आरामदायक और ठंडा बना सकते हैं। वहीं इससे किचन की गर्मी भी काफी हद तक कम की जा सकती है।**

महिलाओं का अधिकतर समय किचन में बीतता है। वहीं गर्मियों में कूलर और एसी के बिना रहना काफी मुश्किल होता है। वहीं महिलाओं को ऐसी गर्मी में लंबे समय तक किचन के कामों में लगा रहना पड़ता है। गर्म ओवन, उबलते बर्तन और खराब वेंटिलेशन की वजह से गर्मियों में रसोई भट्टी में बदल जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आसान टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने रसोई घर को आरामदायक और ठंडा बना सकते हैं।

हरियाली और पर्दे का करें इस्तेमाल

अगर आपका किचन बड़ा है और बड़ी खिड़कियां लगी हैं, तो उनको दिन के समय बंद रखना चाहिए। वहीं रोशनी और गर्मी को रोकने के लिए खिड़कियों में हल्के रंग के सूती पर्दे लगाना चाहिए। हरियाली की वजह से किचन का वातावरण ठंडा और आरामदायक हो सकता है। वहीं आप किचन के बाहर भी कुछ पौधे लगा सकती हैं। वहीं किचन की गर्मी को हटाने के लिए समय-समय पर खिड़की खोलते रहना चाहिए।

## चिमनी और एग्जॉस्ट

अगर आपके किचन में चिमनी या एग्जॉस्ट फैन लगा है, तो गर्मियों में आपको इनका इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। क्योंकि यह भाप, नमी और धुएं आदि को कम करने में मदद करती हैं और शरीर को भी सूखा व आरामदायक रखते हैं। गर्मी में चिमनी या एग्जॉस्ट फैन का इस्तेमाल करने से किचन लंबे समय तक ठंडा रहेगा।

## सुबह जल्दी बनाएं खाना

गर्मियों में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक बहुत गर्मी होती है। इसलिए अगर सुबह जल्दी खाना बना लेना चाहिए। हालांकि कई लोग दोपहर में 11 बजे के बाद खाना बनाना शुरू करते हैं।

वहीं इस दौरान सूरज की रोशनी तेज होती है। इसलिए सुबह जल्दी नाश्ता बनाकर दोपहर का खाना भी जल्दी बनाने का प्रयास करें। खासकर उन चीजों को सुबह जल्दी तैयार कर लें, जिनको बनने में ज्यादा समय लगता है।

# भीषण गर्मी, पानी को तरस रहे बच्चे

## खजुरी कलां स्कूल का हैंडपंप खराब होने से बच्चे पीने के पानी के लिए तरस गए

- » भीषण गर्मी में दगा दे गया इकलौता हैंडपंप
- » नहीं बन पा रहा बच्चों का मिड डे मील
- » खुले में टॉयलेट को मजूबर बालिकाएं
- » अफसरों को नहीं रह गई है कोई चिंता

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

बिल्हौर(कानपुर)।सविलियन विद्यालय खजुरी कलां में विगत चार दिनों से हैंडपंप और समर खराब है। जिससे खाना बनने का संकट उत्पन्न हो गया है। इतनी भीषण गर्मी में विद्यालय के बच्चों के पीने के पानी के लिए आलाधिकारी तक भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। विद्यालय की रसोइया उमा और पार्वती ने बताया कि उन्होंने सभी से कह कर देख लिया है। स्कूल का कोई शिक्षक विद्यालय के हेड के सामने कहने की हिम्मत नहीं रखता है। हम क्या करें। जब पानी नहीं है तो खाना कैसे बनाएं।



ठूंठ बना खजुरी कंपोजिट स्कूल का हैंडपंप

पानी के इंतजार में नहीं बन पाया खाना, रसोइया बैठी इंतजार करती हुई।




स्कूल परिसर में इस तरह खुले में टॉयलेट करते हैं



## बीएसए बोले बीईओ से पता करके बताऊंगा

**बिल्हौर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह ने इस संबंध में कई बार पूछे जाने पर बताया कि रिकवरी हो गई होगी। मुझे पता नहीं है। मैं बीईओ बिल्हौर से जानकारी करके बता पाऊंगा। जिस तरह से बीएसए का जवाब मिलता है उससे आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मामले में कहीं न कहीं जिले के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। वरना रिकवरी आदेशों के कई महीने बीत जाने के बाद भी आखिर रिकवरी क्यों नहीं कराई गई। यह आम आदमी की समझ से परे है।**

गौरतलब है कि विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने विगत सात वर्षों से स्कूल में पुताई नहीं कराई। जिसकी कई शिकायतें भी ब्लाक अधिकारियों से लेकर जिले के अधिकारियों तक से की गईं, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। केवल जांच दर जांच हुई। कई बार जिले स्तर से जांच कमेटी बनाकर जांच हुई लेकिन अभी तक कोई कुछ कर नहीं सका।

बीएसए द्वारा गठित जांच टीम के बाद एक पत्र एक लाख रुपए से अधिक की रिकवरी के लिए जारी किया गया लेकिन प्रधानाध्यापिका के रसूख के चलते रिकवरी को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और जिससे मामला ले देकर सुलटा लिया प्रतीत हो रहा है। विगत छह वर्षो का कोई हल न निकलने पर प्रधानाध्यापिका ने इस वर्ष भी पुताई नहीं कराई और इस वर्ष भी स्कूल बिना पुताई के अगले सत्र के लिए बच्चों के प्रवेश की बाट जोड़ रहा है।स्कूल के लिए बर्तनों के लिए आया लगभग बीस हजार रुपए धन भी डकारने का मन बनाकर बैठी हेड ने अभी तक विद्यालय में बर्तनों की कोई खरीद नहीं की है। जिसके लिए जिले स्तर से सभी स्कूलों से उपभोग प्रमाण पत्र भी लिया जा चुका है। खजुरी ग्राम प्रधान का कहना है कि विगत 6 वर्षों से लगातार विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती विनय कटियार द्वारा विद्यालय की न तो पुताई कराई गई और न अन्य ही कोई कार्य कराया गया। लेकिन धन आहरण करके बिना सांस लिए पूरा पैसा डकार गई।

इसलिए बर्तन के लिए आई धनराशि की चेक पर मेरे द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। हमने कहा भी कि बर्तन मेरे सामने लें तो हम बर्तन देखकर चेक संबंधित दुकानदार के नाम काट देंगे लेकिन इसके लिए वह तैयार नहीं हैं। उनकी मंशा बर्तन के लिए आई धनराशि को पूरी तरह डकारने की है। बिल्हौर क्षेत्र में एक व्यक्ति फर्जी बिल बाउचर बनाकर उन्हें दे देता है। जिसे वह लगाकर अपना खेल कर लेती है।सही ढंग से जांच हो तो यह सब स्पष्ट हो जाएगा। लोगों ने दबी जुबान से यहां तक कहा कि इसमें जिले तक के लोग शामिल हैं । कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। स्कूल के शौचालय तक देखने के काबिल हैं । कोई भी शौचालय में मलमूत्र त्याग के लिए नहीं जा सकता है। विद्यालय की शिक्षिकाएं व बच्चियां खुले में मलमूत्र के लिए जाती हैं। यह समस्या विगत कई वर्षों से है। लेकिन जिले तक के अधिकारी कुछ नहीं कर सके। अब भगवान ही मालिक है।खजुरी में अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। स्कूल का राजा स्कूल के लिए आई संपूर्ण धनराशि डकार जाता है और अधिकारी उसे पुनः नए सत्र के लिए धन देकर धन डकारने के लिए निरन्तर प्रेरित करते हैं।और बंदर बांट होकर फिर राजा नए सत्र के लिए नए कपड़े पहनकर आ जाता है।

# अधूरे पंचायत भवनों से सचिवालय योजना अधर में, डीपीआरओ चुप

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर देहात। गांवों में पंचायत भवन बनाकर मिनी सचिवालय की शुरुआत का सपना अधूरे भवनों और लापरवाह सचिवों के चलते दम तोड़ता नजर आ रहा है। शासन ने पंचायत सहायकों की नियुक्ति के साथ हर पंचायत में सचिवालय संचालन के निर्देश दिए थे, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कानपुर देहात जिले में अधिकांश पंचायत भवन या तो अधूरे हैं या उनका संचालन शुरू ही नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीण आज भी छोटे कामों के लिए ब्लॉक मुख्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सरकार ने पंचायत भवनों के संचालन के लिए फर्नीचर, कंप्यूटर, इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए धनराशि भी जारी की थी।**

उद्देश्य था कि जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन आवेदन, परिवार रजिस्टर प्रमाणपत्र जैसे कार्य गांव स्तर पर ही पूरे हों। लेकिन अधूरे भवनों के कारण पंचायत सहायकों के पास न तो काम करने की जगह है और न ही कोई सुविधा। कई पंचायत भवनों में निर्माण कार्य खत्म होने के बावजूद सचिवालय संचालन शुरू नहीं हो पाया है। नतीजतन पंचायत सहायक महज नाम के ही पद पर बने हुए हैं।

**रसूलाबाद के थान हमीरपुर में दो साल से अटका निर्माण**



रसूलाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत थान हमीरपुर में पंचायत भवन का निर्माण दो साल से अधूरा पड़ा है। मिट्टी भराई, विद्युतीकरण, शौचालय निर्माण, पेंटिंग और फर्निशिंग जैसे कार्य आज भी बाकी हैं। आधे-अधूरे खड़े पिलरों के बीच पंचायत भवन वीरान पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सचिव और प्रधान इस ओर ध्यान नहीं दे रहे, जबकि गांव में अन्य निर्माण कार्यों में धनराशि निकालने में सक्रियता दिखाई जा रही है। इससे साफ है कि अफसरों के आदेशों को बेखौफ तरीके से नजरअंदाज किया जा रहा है।

**ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, उठी जांच की मांग-** गांव के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जरूरी प्रमाणपत्रों के लिए उन्हें 20 किलोमीटर दूर ब्लॉक मुख्यालय जाना पड़ता है। हाल ही में सीडीओ द्वारा सचिवों को पंचायत भवनों से ऑनलाइन हाजिरी भेजने का निर्देश दिया गया था, लेकिन जब भवन ही नहीं बना तो सचिव हाजिरी कहां से भेजेंगे? ग्रामीणों ने सचिव और प्रधान पर मिलीभगत कर कामों में लापरवाही का भी आरोप लगाया है। उन्होंने अधूरे पंचायत भवनों की जांच कराने की मांग की है।

**जिम्मेदार अधिकारी का जवाब**

रसूलाबाद खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मामला वर्ष 2021 से लंबित है और इसका निर्माण नरेगा कनवर्जिंग योजना से होना था। उन्होंने कहा कि भुगतान लंबित रहने के कारण कार्य रुका था, लेकिन अब एडीओ पंचायत को कड़े निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही निर्माण कार्य फिर से शुरू कराया जाएगा।



# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से छात्र की दर्दनाक मौत

**स्वराज इंडिया ब्यूरो**

कानपुर देहात। कानपुर देहात के सिकंदरा तहसील क्षेत्र के सिहुरा गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के संविलियन विद्यालय में पढ़ने वाला कक्षा 8 का छात्र हर्ष कुमार (13 वर्ष) स्कूल से कोल्डड्रिंक लाने दुकान गया था। लौटते समय गांव की गली में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। घटना इतनी भीषण थी कि छात्र की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों और मृतक के परिजनों का आरोप है कि विद्यालय के शिक्षक आए दिन बच्चों से दुकान से सामान मंगवाते हैं। इसी क्रम में छात्र से कोल्डड्रिंक मंगवाया गया था। शिक्षक के निर्देश पर सामान लाने गया हर्ष



अब इस दुनिया में नहीं रहा। इस लापरवाही के चलते पूरे गांव में रोष व्याप्त है। हर्ष अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर सुनते ही पिता शिवसागर निषाद और मां निर्मला देवी बेसुध हो गए।

हर्ष की पांच बहनें - गुनवती, कुशमा, वीरवती, कमला और हंसना ड्ड भाई के शव से लिपटकर बिलखती रहीं। परिवार का माहौल बेहद गमगीन है। खासकर कुशमा, जिसकी 5 मई को शादी तय थी, वह भी सदमे में है।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, ट्रैक्टर जब्त**

घटना की सूचना मिलते ही थाना अमराहट पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रैक्टर को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि ट्रैक्टर चालक फरार हो गया।

पुलिस चालक की तलाश में जुटी हुई है। तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**खंड शिक्षा अधिकारी ने दिए जांच के आदेश-** विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही को लेकर मृतक के पिता द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद राजपुर खंड शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता ने कहा कि जांच कराई जाएगी। यदि शिक्षक दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। हालांकि सवाल यही बना हुआ है कि जांच से भी क्या मृतक हर्ष कुमार वापस लौट पाएगा?

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना देवी द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स 127/875, साकेत नगर, कानपुर नगर- 208012 (उप्र) से मुद्रित व 119/13, दर्शनपुरवा, कानपुर नगर- 208012 (उप्र) से प्रकाशित। संपादकः अनूप कुमार **RNI No.:** UPHIN/2023/86769 | **Email:** swarajindia2023@gmail.com | **Mob:** 7800009853, | **Website:** www.swarajindianews.com | प्रधान संपादक रतन प्रकाश सिंह (समस्त वाद-विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे)

# एक्शन मोड में एसपी अरविंद मिश्रा रूरा-शिवली थानों का औचक निरीक्षण






**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने थाना रूरा का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की सच्चाई परखी। निरीक्षण में कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, भोजनालय समेत हर व्यवस्था की गहन जांच की गई। एसपी ने अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही पर चेतावनी दी और फरियादियों की शिकायतों का जल्द व निष्पक्ष निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए।

## कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, भोजनालय समेत हर व्यवस्था की गहन जांच की गई

**पुलिसकर्मियों को मिली हिदायत: जिम्मेदारी से करें काम**

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय में तैनात स्टाफ से सीधी बातचीत की। उन्होंने कर्मियों को जनता से संवेदनशील व्यवहार रखने और हर शिकायत पर समय से कार्रवाई करने के स्पष्ट आदेश दिए।

इसके साथ ही कस्बे में संभ्रांत लोगों से मुलाकात करके अफवाहों से बचने की अपील की कस्बा रूरा में व्यापारियों और संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद करते हुए एसपी ने कानून व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहें और समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

**पैदल गश्त कर जनता को दिया सुरक्षा का भरोसा**

निरीक्षण के बाद एसपी अरविंद मिश्र ने थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रभारी निरीक्षक रूरा सहित भारी पुलिस बल इस दौरान मौजूद रहा। एसपी की इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया।

# बारा गांव के शिविर में फार्मर रजिस्ट्री का रियलिटी चेक

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह अचानक ग्राम पंचायत बारा पहुंचे और फार्मर रजिस्ट्री शिविर की हकीकत परखी। मौके पर मौजूद कर्मियों से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली और कार्य में आ रही दिक्कतों को भी जाना। किसानों को डीएम की अपील- अपना भविष्य संवारो, फार्मर आईडी बनवाओ निरीक्षण के दौरान डीएम ने किसानों से सीधी अपील की – गांव में आयोजित कैंपों में जाकर जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाएं ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।




पूरा प्रोसेस महज 2-3 मिनट का है। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम सचिवों और संबंधित कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि 30 अप्रैल तक फार्मर रजिस्ट्री हर हाल में पूरी कराई जाए, वरना सीधे कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आदेश दिया कि फोन कॉल कर गांव के हर किसान को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाए।

**ग्राम प्रधान और सचिवों को मिली फटकार- किसानों के साथ नहीं चलेगी लापरवाही**

डीएम ने ग्राम प्रधान संतोष कुमार गौतम और ग्राम सचिव बोस्की शर्मा को निर्देशित किया कि किसानों की मदद में कोई कोताही न हो। जहां जरूरत हो वहीं पर अस्थायी केंद्र बनाकर रजिस्ट्रेशन कराया जाए ताकि कोई भी किसान पीछे न छूटें।

**-शिविर में जुटे किसान, अफसरों के बीच जमी जमीन से जुड़ी बातें-**

निरीक्षण के वक्त तहसीलदार सदर पवन कुमार समेत अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान शिविर में मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने मौके पर ही कई किसानों से बातचीत कर फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं को तुरंत निपटाने के निर्देश दिए।

# बाराबंकी में होनहारों ने रचा इतिहास

**» जिले में कई बच्चों ने हाई स्कूल की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया है**



अंशिका वर्मा पुत्री संजय कुमार निवासी ग्राम महमूदपुर , हाई स्कूल में जनपद में दसवां स्थान



उन्नति निगम पुत्र विवेक निगम 91.9



आराधना सिंह 90.66%



आकृति मिश्रा पुत्री शिवशंकर मिश्र Class -12. जिले में 5 स्थान - पिपरी

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

**बाराबंकी। शुक्रवार को आए यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में सूरतगंज क्षेत्र के बंभनावा निवासी ग्राम प्रधान शुशील वर्मा के पुत्र सुमित सिंह पटेल पायनियर मोंटसरी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा दी जिसमें उन्होंने 92.16 प्रतिशत अंक हासिल कर माता पिता सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वहीं विपरीत परिस्थितियों में ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र के नंदऊपारा निवासी किसान राजेश सिंह की पुत्री बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा आराधना सिंह ने हाई स्कूल की परीक्षा में 90.66 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।**

जानकारी के मुताबिक आराधना की माता रिंकू सिंह बताती हैं कि उनकी तबियत ठीक नहीं रहती है और घरेलू कार्यों में उनकी बेटी अधिक से अधिक हाथ बटवाती है। आराधना अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम माता-पिता के सहयोग और गुरुजनों के मार्गदर्शन को देती हैं। विपरीत परिस्थितियों में 90.66 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र की छात्राओं के लिए आराधना अपने आपमें एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। सुमित और आराधना को ग्राम पंचायत सदस्य महासभा मीडिया प्रभारी दीपक सिंह सरल,महासभा मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव सिंह,सूरतगंज भाजपा मण्डल मंत्री राजीव शुक्ला राजू, नंदऊपारा ग्राम प्रधान डाली सिंह,प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक सिंह,सूरतगंज मण्डल उपाध्यक्ष सुनील वर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी क्रम में सूरतगंज स्थित बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज बरैय्या ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किया है। सूरतगंज क्षेत्र के इन छात्र छात्राओं ने किया नाम रोशन। हाईस्कूल में अंशिका वर्मा ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में 10वां स्थान हासिल किया। विद्यालय में आदर्श वर्मा 95.16 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अनुष्का वर्मा ने 94.3 प्रतिशत और प्रिंस वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दरख्शा खातून को 92.5 प्रतिशत, सचिन यादव को 91.6 प्रतिशत और श्रेया सिंह को 91.3 प्रतिशत उन्नति निगम पुत्र विवेक निगम 91.9 प्रतिशत अंक मिले। इंटरमीडिएट में आकृति मिश्रा ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में 5वां स्थान हासिल किया। अनन्या वर्मा और यश पटेल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंशिका पटेल को 88.8 प्रतिशत, अमिता पाल को 86.4 प्रतिशत और प्रशांत वर्मा को 86.2 प्रतिशत अंक मिले। कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार वर्मा ने सभी मेधावी छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और मेहनत को दिया।

## 2 हादसों में 4 की दर्दनाक मौत

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

**बाराबंकी। दो हादसों में चार युवकों की मौत हो गई। जबकि एक साथी की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसों की जानकारी ली। साथ ही टक्कर मारने वाले वाहनों की पहचान में जुटी है। बाराबंकी में शुक्रवार की रात हुए अलग-अलग दो हादसों में चार युवकों की जान चली गई। जबकि एक घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनाओं की जानकारी ली। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। टक्कर मारने वाले वाहनों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।पहला हादसा हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर हुआ। यहां शुक्रवार की आधी रात करीब 3:30 बजे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार तीनों युवक वहीं गिर गए। इनमें अमेठी जिले के कमरौली थाना क्षेत्र के हैदरपुरवा गांव निवासी बृजेश (25), राम सिंह का पुरवा निवासी अंकित (18) और धूल का पुरवा निवासी ललित रावत (22) शामिल थे।**

## खाटूश्याम बाबा का दरबार लगाकर झूमे भक्त

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

सूरतगंज-बाराबंकी। खाटू श्याम जी परिवार की और से सूरतगंज कस्बा स्थित दशहरा मैदान पर सजे खाटूश्याम बाबा के दरबार में भव्य भजन संध्या कीर्तन का आयोजन किया गया ।जिसमें उपस्थित गायक कलाकार ने विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दे बाबा की महिमा का गुणगान किया। संगीतमय भजनों पर भक्तजन झूमते और थिरकते नजर आए ।वहीं भक्तों ने प्रभु खाटू वालें के दर्शन कर मन्नतें मांगी। सुबह खाटूश्यामजी की भव्य विशाल शोभा यात्रा निकाली गई ।कस्बे का भ्रमण कर शोभायात्रा दशहरा मैदान पहुंची। वहां खाटूश्यामजी का दरबार रंगबिरंगे फूलों के मालें से सजाया भी गया था ।उसके बाद देररात में पूजा अर्चना के उपरांत भजन संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।इस कीर्तन में मधुर भजन का सिलसिला शुरू हो हुआ ।जिसमें जिलें से पधारे जेएमडी ग्रुप परिवार के गायक राजन रस्तोगी नेकिस दौर से गुजरे, किसको सुनाएं, सुन ले कन्हैया ये अर्जी अर्जी हमारी,तारो न तारो ये है मर्जी तुम्हारी... की भव्य प्रस्तुति दे कर भक्तगण को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक अशोक शर्मा ने आजा आजा श्याम बाबा,आ जा मेरे कन्हैया,बिन मांझी के सहारे,डूबेगी मेरी नैया,आ जा मेरे कन्हैया.... की प्रस्तुति से लोगों को सराबोर कर दिया।

वहीं सत्यम शुक्ल महाराज ने दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेरे से, आंखडली चुराकर बाबा जासी कटे मेरे से.. सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद गायिका सोनी शर्मा ने आ गया मैं दुनिया दारी सारी बाबा छोड़कर, लेने आ जा खाटू वाले रिंगस के उस मोड़ से..का मधुर भजन सुनाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर भी कर दिया। वहीं दूसरा भजन ये प्रार्थना दिल की बेकार नहीं होगी, पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होगी... की प्रस्तुति भी दी। अन्य गायक कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज में प्रभु खाटू श्याम पर आधारित एक से बढ़कर एक भजन गाए। भजनों पर पंडाल में बैठे भक्तजन खाटू श्याम की भक्ति में सराबोर हो झूमने को मजबूर हो गए। रात दस बजे आरंभ हुआ कार्यक्रम सुबह पांच बजे तक चला। इस दौरान गायकों से एक से बढ़कर एक भजनों पर शानदार प्रस्तुति दी तो पड़ाल में मानों आस्था की बयार बह चली। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं मिंटू इंटरनेशनल झांकी ग्रुप कानुपर की ओर से चंद्रमा में कन्हैया के मनमोहक दृश्य, महाकाली की रुद्र रूप की झांकी, वृंदावन के फूलों की होली आदि झांकियों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध भी कर दिया ।इस मौके पर प्रधान पति अरविंद कुमार गुड्डू, रामानंद वर्मा, महेश मिश्रा, सुशील वर्मा, महादेव वर्मास नितिन मौर्या, सरोज वर्मा, जागेश कश्यप, जतिन नाग, मनीष , बसंत ,अशोक वर्मा, सरोज आदि सैकड़ों भक्त प्रेमी मौजूद रहे।



# अभावों को चीरते हुए रागिनी बनीं असिस्टेंट कमिश्नर



## » यूपीएससी परीक्षा पास कर रचा इतिहास



स्वराज इंडिया संवाददाता

अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील के कर्मदंडा गांव की रागिनी यादव ने राष्ट्रीय स्तर की कठिन यूपीएससी परीक्षा पास कर असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर (क्क्रस्न्ष्ट) बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। गरीबी और संघर्ष के बीच पली-बढ़ी रागिनी ने हार न मानते हुए शिक्षा की राह में कई चुनौतियों को पार किया। प्रयागराज में ट्यूशन और कोचिंग में पार्ट-टाइम काम कर पढ़ाई जारी रखी। समाजवादी नेता अखिलेश यादव समेत कई शुभचिंतकों का सहयोग मिला। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों सहित मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया। रागिनी ने अपने संघर्षमय सफर को हर युवा के लिए प्रेरणा बताया।

# बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने दिखाई अपनी मेधा...

**स्वराज इंडिया संवाददाता**

**बिल्हौर। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को दोपहर घोषित होते ही मेधावी खुशी से झूम उठे। हाईस्कूल में छात्रों और इंटरमीडिएट में छात्राओं ने अपनी मेधा का परचम फहराया। शिवाजी इंटर कॉलेज चौबिगही में मुसाहेबपुर की शिवा कटियार पुत्री राम बाबू ने 85.83 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। वहीं अब इंटमीडिएट परीक्षा में गढ़ के आशीष कुमार पाल पुत्र मनोज कुमार पाल ने 80.40 फीसदी अंक हासिल कर टॉप किया।**

**» ग्रामीण इलाके के बच्चों ने भी पाए 90 फीसदी से अधिक अंक**

**» हाईस्कूल में लड़के तो इंटर में लड़कियां रहीं आगे**

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि कॉलेज का परीक्षा परिणाम 97 फीसदी रहा है। बीआरडी इंटर कॉलेज बिल्हौर में हाई स्कूल परीक्षाफल 81 फीसदी रहा। यहां पर हाई स्कूल में दिव्यांशु राजपूत पुत्र रामकृष्ण राजपूत पहले, सृष्टि देवी पुत्री सुरेश कुमार दूसरे और अंशु पुत्री विकेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षाफल 89त्न रहा।

आदित्य सिंह पुत्र वंशी लाल (विज्ञान वर्ग) पहलेआदित्य कुमार पुत्र श्री राजेंद्र कुमार ( कला वर्ग) दूसरे और प्रियल पुत्री विमल कटियार ( विज्ञान वर्ग) तीसरे स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

मकनपुर फेयर कमेटी कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा पंखुड़ी ने 94 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने और कॉलेज का नाम रोशन किया। वहीं,राइजिंग किड्स कान्वेंट स्कूल के छात्र सैयद हस्सान शिकोह जाफरी ने हाई स्कूल में 81 लाकर पिता का नाम रोशन किया ।अन्नपूर्णा खजुरी कलां के हाईस्कूल के छात्र अनुभव ने 92.33 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज टॉप किया। अन्नपूर्णा स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि हाईस्कूल में अनुभव ने 92.33 प्रतिशत अंक पाकर टॉप किया, सिमरन ने 92 और काव्यांशी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी तरह इंटर में अभिजीत सिंह ने 86.6 अंक पाकर टॉप किया और ओमजी दुबे व आकृति शुक्ला ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बिल्हौर इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रभाकर श्रीवास्तव ने बताया कि इंटर में 84 प्रतिशत अंक पाकर प्राची कटियार ने पहला स्थान प्राप्त किया है। बिल्हौर के लक्ष्मण सिंह कालेज बिल्हौर की प्रधानाचार्य रीता देवी ने बताया कि हाईस्कूल में मो. शोएब ने सर्वाधिक 92 प्रतिशत अंक पाकर टॉप किया। मकनपुर के फेवर कमेटी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुक्तदा हुसैन जाफरी ने बताया कि हाईस्कूल में छात्रा पंखुड़ी ओमर ने कालेज में सर्वाधिक 94 प्रतिशत अंक पाकर टॉप किया।

# लखनऊ: केजीएमयू में मजार हटाने पर पथराव

## मुस्लिम पक्ष और पुलिस में हुई झड़प



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

**राजधानी लखनऊ के केजीएमयू में अवैध मजार हटाने की कोशिश पर पथराव कर दिया गया। चीफ प्राक्टर डॉ. क्षितिज और सर्जरी विभाग के डॉ. एके सिंह और कर्मचारी को चोटें आई हैं। सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम पक्ष और कई थानों की फोर्स आमने सामने है। झड़प हो गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान केजीएमयू प्रशासन ने मजार हटाने की कोशिश की। मजार हटाने की सूचना मिलते ही पुराने शहर से सैकड़ों लोग केजीएमयू पहुंच गए। नेत्र रोग विभाग के पीछे पुरानी मजार पर बारावफात के दिन मुस्लिम दीपक जलाते हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराने में जुटी है।**

लखनऊ केजीएमयू प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि नेत्र विभाग के पीछे स्थित मजार पूर्व की भांति ही बनी रहेगी। उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी लेकिन मजार के अलावा जितना भी अतिक्रमण है उसे तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाएगा।

केजीएमयू में नेत्र रोग विभाग के पीछे काफी संख्या में अवैध दुकानें और मजार हैं। केजीएमयू ने अवैध कब्जा हटाने की दिशा में शनिवार को मजार हटाने की कोशिश शुरू कराई। इसके विरोध में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम पक्ष के लोग वहां जुट गए। केजीएमयू प्रशासन व पुलिस बल ने समझाने का प्रयास किया। इस दौरान अवैध कब्जेदारों का गुस्सा भड़क उठा। अज्ञात व असामाजिक तत्वों ने पथराव शुरू कर दिया। इसमें डॉक्टर व कर्मचारी घायल हो गए। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि कई बार अवैध कब्जेदारों को नोटिस देकर केजीएमयू में भूमि खाली करने की नोटिस दी जा चुकी है। इसके बाजवूद अतिक्रमणकारी जगह खाली करने को राजी नहीं है। अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत कुछ लोगों ने पथराव किया है।

# यह नया भारत, किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं

## लखीमपुर में गरजे सीएम योगी, सपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

**लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के पलिया में जनसभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर जमकर बरसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल है, जो विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो उसके लिए जीरो टॉरलेंस की नीति है। वह जिस भाषा में समझेगा, उसको उस भाषा में जवाब देने के लिए भारत तैयार है।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अगर किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि जीरो टॉरलेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश को माफियामुक्त किया। अराजकता और दंगों से मुक्त किया। यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के तौर पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब देश के अंदर उत्तर प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य है। रेलवे का बेहतरीन नेटवर्क है, देश की पहली रैपिड रेल प्रदेश में चलती है। उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य का बकाया रहता था। आज 105 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो एक सप्ताह के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। आज लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर खुशी जताई। कहा कि पहले यह सपना था, आज हकीकत है।

सीएम योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस जाति के नाम समाज को बांटने का काम कर रही है। समाजवादी पार्टी एक तरफ छत्रपति शिवाजी महाराज और राणा सांगा का अपमान करती है। दूसरी तरफ क्रूर शासक औरंगजेब और बाबर का महिमा मंडन करती है।

### शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा से पहले पलिया में शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मोटरबोट पर सवार होकर बाढ़ से बचाव के लिए कराए जा रहे कार्यों को बारीकी से देखा। अफसरों से चैनलाइजेशन कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल भी रहीं।

# डीएम की बेटियों ने शतरंज प्रतियोगिता में लहराया परचम

## अव्याना ने अंडर-7 में प्रथम स्थान, अद्विका ने अंडर-9 में पांचवां स्थान प्राप्त किया

» देवरिया, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

**शतरंज की बिसात पर जनपद की दो बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सीतापुर में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट चेस चैंपियनशिप के अंडर-9 वर्ग में अद्विका ढिल्लो ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 5वाँ स्थान प्राप्त किया। यह उनका पहला राज्य स्तरीय टूर्नामेंट था, जिसमें उन्होंने आत्मविश्वास और संयम के साथ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की।**





अद्विका ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह मेरा पहला टूर्नामेंट था। यहाँ मिले अनुभव से मैंने बहुत कुछ सीखा है, जो भविष्य के टूर्नामेंट्स में निश्चित ही मदद करेगा। मैं और मेहनत करूंगी और आगे और भी अच्छा प्रदर्शन करूंगी। उन्होंने बताया कि ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश, विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन और कोनेरू हंपी उनकी प्रेरणास्रोत हैं।

अद्विका, देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं गगन ढिल्लों की सुपुत्री हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने भावुक होकर कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण व भावनात्मक क्षण है। अद्विका ने लोगों के आशीर्वाद और अपनी मेहनत से यह स्थान प्राप्त किया है। मैं चाहती हूं कि वह भविष्य में इससे भी बेहतर करे और शतरंज की दुनिया में नया मुकाम हासिल करे। श्री गगन ढिल्लों ने भी अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अद्विका की मेहनत, लगन और खेल के प्रति उसकी गंभीरता सराहनीय है।

खास बात यह भी है कि जिलाधिकारी महोदया की छोटी सुपुत्री अव्याना ढिल्लो ने इसी प्रतियोगिता के अंडर-7 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अद्विका और अनव्या, दोनों न केवल शतरंज में उत्कृष्ट हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी मेधावी छात्रा हैं। वे वर्तमान में गोरखपुर के मशहूर शतरंज कोच जितेंद्र सिंह से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। जनपद के लिए यह अवसर गौरव का है कि यहाँ की होनहार बेटियाँ शतरंज जैसे बौद्धिक खेल में राज्य स्तर पर परचम लहरा रही हैं। आने वाले समय में उनसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और भी ऊँचाइयों को छूने की अपेक्षा की जा रही है।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य को दिनदहाड़े गोलियों से भूना

» फिरोजाबाद , स्वराज इंडिया ब्यूरो।

**टूंडला में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य की दिन-दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं शव उठाने को लेकर आक्रोषित ग्रामीणों ने पुलिस गा?ी पर पथराव कर दिया।**

थाना क्षेत्र के गांव मोहम्दाबाद निवासी पप्पू कुशवाहा पूर्व जिला पंचायत सदस्य था। गांव के एक परिवार से उनकी रंजिश चल रही थी। शनिवार सुबह 10.15 बजे करीब वह घर निकले तभी पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उन पर गोलियां बरसा दी। नतीजन उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### पत्नी-सास मेरी मौत की जिम्मेदार

सुमित चौरसिया कुछ साल पहले तक वह अपने मकान के पास स्थित मैरिज हॉल को संचालित करते थे। फिलहाल वह कुछ नहीं कर रहे थे। इसको लेकर घर में कलह होती रहती थी। 10 भाई- बहनों में सुमित तीसरे नंबर के थे। 6 बहनों की शादी हो चुकी है। सुमित के पिता की मौत पहले ही हो चुकी थी। वह अपने छोटे भाई, 90 वर्षीय मां, पत्नी और दो बेटियों के साथ यहां रहते थे। सुमित का विवाह 2 साल पहले हुआ था। परिजनों के अनुसार घर में कोई ऐसी समस्या नहीं थी। पत्नी से थोड़ा बहुत विवाद होता रहता था। अभी चार दिन पहले ही पत्नी अपने बच्चों के साथ मायके से यहां वापस लौटी थी। सुमित के छोटे भाई ने बताया कि सुबह तो सब ठीक-ठाक था। अचानक से हाल में आकर देखा तो भाई पंखे से लटका हुआ था। आनन-फानन इसकी सूचना गोरखनाथ थाने को दी गई। वहीं, पुलिस का कहना है। सुसाइड नोट के आधार पर जांच की जा रही है।

### होटल वियाना में पुलिस को...

ओमान के ये नागरिक पिछले 14 अप्रैल से होटल में रह रहे थे। इंस्पेक्टर के मुताबिक होटल मालिक व मैनेजर आर्थिक लाभ के लिए धोखाधड़ी कर रहे थे। दोनों के खिलाफ एसआई कंचन तिवारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। वहीं, विदेशी नागरिकों के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर एफआरआरओ को भेजी गई है। ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

### यूपी से पाकिस्तानी नागरिकों...

और वे आज यहां से निकल जाएंगी।÷ उन्होंने बताया, ''ये सभी अल्पकालिक अवधि के लिए यहां आई थीं। एक महिला इलाज के संबंध में आई थी। हम स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) के संपर्क में हैं और स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए हैं।'' गाबा ने कहा कि यह (पाकिस्तानी लोगों) पूरे प्रयागराज जनपद का आंकड़ा है और कुल चार पाकिस्तानी जिले में आए थे। वाराणसी में, एक अधिकारी ने बताया कि कुल 10 पाकिस्तानी नागरिकों के रहने की सूचना मिली है जिनमें से एक को शुक्रवार को शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि वहां से अन्य साधन से उसे वापस भेजा जाएगा।